दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 28 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, मंगलवार, 28 मार्च 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592




ॐ ऐं ह्रीं क्रीं कालरात्रै नमः: . कालरात्रि के इस श्लोक का भी करें जाप: एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥

मुख्यमंत्री ने किया एलीवेटेड रोड के निर्माण
चुनौतियों के बीच भारत की मजबूत आर्थिकी

मूल्य- 2 रु.

### उत्तराखंड सरकार के नकल विरोधी कानून को लगा और झटका

# हरिद्वार के इन नामी कॉलेजों में नकल करते हुए 16 दबोचे, मचा हड़कंप

सुमित तिवारी, (उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो)

**हरिद्वार / बहादराबाद।** हरिद्वार के कालेजों में चल रही परीक्षा के दौरान उड़न तश्तरी की छापेमारी से कॉलेजों पूरे जिले में हड़कंप मच गया। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलपति डॉ पीपी ध्यानी की विश्वविद्यालय से विदाई रिटायर के बाद से ही हरिद्वार जनपद में नकल माफिया सक्रिय हो उठा है। इमली खेड़ा, धनोरी, बढेरी राजपूतान, मध्य हरिद्वार स्थित डिग्री कॉलेजों में लगभग दो दर्जन के करीब नकलची पकड़े गए है।

सूत्रों की माने तो महाविद्यालय की मिलीभगत और विश्वविद्यालय की ढीलाई के चलते 1 डिग्री कॉलेज में समूह बनाकर नकल करते छात्रों को पकड़ा गया है। इनमें फोनिक्स इंस्टिट्यूट इमली खेड़ा में 13 कोर कॉलेज में 02 एस.एम.जे.न कॉलेज हरिद्वार में 01 धनोरी स्थित डिग्री कॉलेज में 05 छात्र नकल करते पकड़े गए हैं। सोचने का विषय यह है कि राज्य सरकार के देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून जो कि प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु बनाया गया है क्या सरकार विश्वविद्यालय परीक्षाओं को भी नकल विहीन बनाने के लिए कोई कानून बनाएगी ?

इस संबंध में जब श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय टिहरी के नवनियुक्त कुलपति महावीर सिंह रावत से उत्तराखंड प्रहरी द्वारा फोन से पूछा गया तो उन्होंने मामले से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए उचित कार्यवाही किए जाने की बात कही।

जब उनसे पूछा गया कि क्या पकड़े गए छात्रों के खिलाफ पूर्व में भी कोई कार्यवाही होती रही है तो कुलपति ने उक्त मामले पर पैनल बनाकर आगे कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मामले का अध्ययन किया जाएगा और विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को पूर्णता नकल विहीन बनाया जाएगा। बताते चले कि प्रदेश में इस वक्त निजी संस्थानों/डिग्री कॉलेजों की संख्या लगभग 500 हो चुकी हैं। लेकिन विश्वविद्यालय और राज्य सरकार अभी तक नकल विहीन परीक्षाओं के लिए कोई खाका तैयार नहीं कर सकी है। इसलिए प्रदेश में निजी संस्थानों में अक्सर नकल के मामले पकड़ में आते रहे हैं।

## 'क्या है उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून संबंधी प्रावधान'

*इस अध्यादेश में दोषियों हेतु 10 करोड़ रुपए तक का जुर्माना और आजीवन कारावास का प्रावधान है। इस विनियमन का उद्देश्य परीक्षा की अखंडता को बाधित करने, अनुचित तरीकों का उपयोग करने, प्रश्नपत्रों का खुलासा करने और अन्य अनियमितताओं से जुड़े अपराधों को रोकना है।*





**प्रोफेसर ध्यानी कुलपति के जाते हैं श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की परीक्षाओं पर नकल माफिया हावी**

## 'पहले भी हो चुकी है इन मामलों पर कार्यवाही'

विश्वस्त सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव खेमराज भट्ट एवं परीक्षा नियंत्रक हरिद्वार जनपद के रुड़की के संबद्ध कॉलेजों में घूम रहे हैं। किंतु उनके द्वारा कहीं भी नकल विरोधी कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे शक की सुई विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर अवश्य उठ रही है। जबकि पूर्व कुलपति प्रोफेसर ध्यानी द्वारा हरिद्वार एवं देहरादून में अपने कार्यकाल के दौरान कई नकल माफियाओं की कमर तोड़ दी गई थी तथा ऑन स्पॉट ही कई कॉलेजों की परीक्षा केंद्र निरस्त कर सेंटर ट्रांसफर भी किए गए।

## 'नकल माफियाओं में नही है नकल विरोधी कानून का डर'

राज्य सरकार ने हाल ही में उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून किया है लागू किया है बाबजूद उसके भी नीचे नकल का गोरख धंधा करने वाले गिरोह पर कार्यवाही का कोई नही है डर।

## धारा 118 में संशोधन को राष्ट्रपति की मंजूरी; प्रदेश में अब 5 साल में इस्तेमाल करनी होगी जमीन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड फर्म एक्ट की धारा 118 में संशोधन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। राष्ट्रपति से अनुमति मिलने के बाद विधि सचिव शरद कुमार लगवाल की ओर से संशोधित एक्ट की अधिसूचना जारी हो गई है। पूर्व जयराम सरकार के समय धारा 118 में संशोधन कर इस धारा के तहत गैर हिमाचली को मिली जमीन को इस्तेमाल करने की अवधि को तीन साल से बढ़ाकर पांच साल किया गया था। तब यह तर्क दिया गया था कि हिमाचल में अनुमतियां लेने में बहुत समय लग जाता है। इसीलिए जमीन के इस्तेमाल की अवधि को तीन साल से बढ़ाकर पांच साल कर दिया जाए। हिमाचल विधानसभा से यह संशोधन पारित होने के बाद राष्ट्रपति की अनुमति के लिए गया था, क्योंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद नौ में इस एक्ट को प्रोटेक्शन दी गई है। अब राष्ट्रपति ने पहली मार्च, 2023 को इस संशोधन को अनुमोदित कर दिया है। इसलिए राज्य सरकार ने भी धारा 118 में यह संशोधन अधिसूचित कर दिया है। इसके बाद अब गैर हिमाचलियों को मिलने वाली जमीन खरीद की अनुमति एक तरह से तीन साल के बजाय पांच साल के लिए होगी।



पांच साल तक यदि जमीन इस्तेमाल नहीं हुई, तो वह हिमाचल सरकार को ट्रांसफर हो जाएगी। एक अन्य अधिसूचना के तहत हिमाचल सरकार ने 28 मार्च से राज्य में ग्राउंड वॉटर एक्ट को प्रभावी कर दिया है। इस एक्ट को हाईकोर्ट के निर्देश पर सेंट्रल ग्राउंड वॉटर अथॉरिटी के निर्देशों के अनुसार बनाना पड़ा था। इसमें भू-गर्भीय जल के इस्तेमाल के लिए अब पहले अनुमति लेना जरूरी है। कृषि और बागवानी कार्यों के अलावा व्यक्तिगत यूज के लिए ग्राउंड वाटर इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन पहले अनुमति लेनी होगी। औद्योगिक इस्तेमाल, कमर्शियल इस्तेमाल और प्रदूषण की संभावना वाले इस्तेमाल को लेकर इसमें सख्ती की गई है। इस एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 5 साल की सजा और 10 लाख तक की पेनल्टी का प्रावधान भी है।

## सड़कों के नए प्रोजेक्ट्स को जल्द मंजूरी दी जाए, हिमाचली सांसदों की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग की



**शिमला।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल के सांसदों किशन कपूर, सुरेश कश्यप, इंदु गोस्वामी व सिकंदर कुमार व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर नए प्रोजेक्टों के जल्द मंजूरी की माँग उठाई।

इस दौरान अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा उनके संसदीय क्षेत्र के कुटलैहड़ विधानसभा में एनएच 503, पर 36/0 किलोमीटर से लेकर 42/0 पर बिहड़ू से लठियाणी के बीच में बनने वाले मिसिंग लिंक व गोबिंदसागर झील पर लठियाणी -मंदली ब्रिज लागत लगभग 900 करोड़ के निर्माण की मंजूरी, कांगड़ा में 0/0 से 15/600 रक्कड़-चपलाह-अपर भरोली-टिक्कर-शांतला रोड पर सुधार कार्यों के लिए 12.91 करोड़ की मंजूरी लिए अनुरोध किया।

## काम लटकाने पर 32 ठेकेदार सस्पेंड, नगर निगम की बैठक में पारित प्रस्ताव को मंजूरी

**धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के कई वर्षों से काम लटकाने वाले 32 ठेकेदारों को सस्पेंड कर दिया है। वर्ष 2018-19 से एमसी धर्मशाला के कई विकास कार्यों पर ठेकेदारों ने रोक लगाकर रखी थी। अब उक्त कार्यों के एमसी की ओर से दोबारा टेंडर किए जाएंगे। इससे पहले कार्यों को लटकाने वाले कुल 72 ठेकेदारों को नोटिस जारी किए थे। हालांकि ब्लैक लिस्ट किए जाने के डर से कुछ ठेकेदारों ने कार्यों को शुरू कर दिया है। एमसी धर्मशाला के मासिक बैठक के दौरान हाउस ने 32 ठेकेदारों को सस्पेंड किए जाने के प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी। धर्मशाला नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर कई ठेकेदारों ने पूरी तरह से रोक लगा दी थी।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
**uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।**

# संपादकीय

## आपसी बहस के मुगालते

बजट सत्र की बहस में हम जनता के मुगालते देखें या भ्रम की स्थिति से बाहर निकलते स्पष्टीकरणों पर विश्वास करें। बहस का चरम राजनीति के मर्म तक पहुंचेगा या चर्चाओं की चर्चा में यह सत्र भी गुजर जाएगा। अतीत के महीनों से निकलीं सुर्खियां कितनी काबिल थीं या सदन की काबिलीयत में हिमाचल का भविष्य बात कर रहा है। बहरहाल प्रश्नों के गुबंद से निकलीं हवाएं हिमाचल के विधानसभा बजट सत्र को लोकतांत्रिक पैमाने से माप रही हैं, तो समूचे विपक्ष की प्रश्नावली की हर जिरह से सरकार की भी पैमाइश होगी। सुक्खू सरकार के बजट का मुखर पक्ष अगर आर्थिक नवाचार है, तो कहीं वित्तीय कमजोरियों के बाहुपाश में फंसे प्रदेश के हालात पर विपक्ष की निगहबानी जारी है और यही वजह है कि तुलनात्मक अध्ययन के बीच लाभ की कंदराओं में जाया धन की बात होगी। फिर भी खामोशियां सरकारी तौर पर बंटी रेवडियों पर चर्चा नहीं करतीं या राज्य का वह पक्ष अनसुना रह जाता है, जो गैर-सरकारी है। पक्ष-विपक्ष के बीच सरकारी बहस की आदत बहुत पुरानी है, लेकिन अब वक्त, हालात और आगे बढने की प्रेरणा बदल गई है। हम विधानसभा परिसर के बाहर भी हिमाचली आक्रोश में उठती तरंगों का हवाला लें तो किसी को सरकारी नौकरी के लिए तो किसी को सरकारी नौकरी के बीच शिकायत है, जबकि प्रगति और भविष्य के द्वंद्व में युवा पीढ़ी नए क्षितिज खोज रही है। जब बीबीएन की सुबह में बहता पसीना कुछ युवाओं के संघर्ष की इत्तला देता है, तो बहस के विषय में निजी क्षेत्र की मेहनत को भी तो साधुवाद मिले।

जब निजी बसों की सहूलियत में आम जनता का विश्वास टिका रहता है, तो इस सेवा का भी तो एहसास हो। जब राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों का उल्लेख होता है, तो उनके प्राइवेट स्कूलों का भी तो जिक्र हो। जिक्र तो उस संभावना में व्याप्त है जो हिमाचल की वर्तमान स्थिति के बावजूद निजी क्षेत्र को अपने दम पर आगे बढने की प्रेरणा दे रहा है। बेशक व्यवस्था परिवर्तन के व्यावहारिक पक्ष को सुदृढ़ कर रही सुक्खू सरकार ने अपनी कामकाज की रूह बदलने का मंतव्य दिखाया है, लेकिन सुशासन की जिस पतली डगर से गांव जुड़ते हैं, वहां संदेश के वाहक अभी नहीं पहुंचे। प्रदेश के बजट की तर्ज पर जब हर गांव, हर कस्बे और हर शहर का बजट भी मुखातिब होकर आत्मनिर्भर होने की कसम लेगा तब खोज होगी अपने अपने मुस्तकबिल की। बहरहाल सत्र की बहस में व्यक्तित्व का फैसला भी हो रहा है और हम देख रहे हैं कि विपक्ष के नेता के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपनी भूमिका को नए शब्द देते हैं, तो पहली बार मुख्यमंत्री बने सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने पद की दृढ़ता और निर्णायक भूमिका को उद्धृत करते हैं, लेकिन अभी उनके मंत्रियों के जवाब में विभागीय शक्ति व व्यवस्था परिवर्तन की तासीर को सुना जाना बाकी है। बेशक विधानसभा की बहस का मूड बदल रहा है और इसका श्रेय सत्तापक्ष या बजट की रूपरेखा को जाता है। सुक्खू सरकार ने अपनी इच्छाशक्ति के मंच पर बजट को उतार कर बहस का कुछ तो खालीपन भरा और इसलिए कहीं राज्य के ग्रीन होने की चर्चा है, तो कहीं पर्यटन प्रदेश की निगाहों से मुलाकात होने लगी है। इसी परिप्रेक्ष्य में सबसे बड़ी बहस का दायरा मंडी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट से कांगड़ा हवाई अड्डा के विस्तार तक फैल गया है।

## चुनौतियों के बीच भारत की मजबूत आर्थिकी

डा. जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में 18 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज वैश्विक आर्थिक संकट के बीच भी भारत का अर्थतंत्र मजबूत है। दुनिया में भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का चमकता हुआ देश बताया जा रहा है। इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। जहां भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ रहे हैं, वहीं भारत से निर्यात भी बढ़ रहे हैं। भारत वैश्विक सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन रहा है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (पीएलआई) से देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और आत्मनिर्भर भारत अभियान आगे बढ़ रहा है। इन दिनों पूरी दुनिया में दो ख्याति प्राप्त वैश्विक संगठनों के द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। जहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक करीब 6.8 फीसदी होगी, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर दुनिया में सर्वोच्च होगी। वहीं संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक-सामाजिक मामलों के विभाग के द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भारत को उद्योग-कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख और आकर्षक स्थल बताया गया है।


यह कोई छोटी बात नहीं है कि 15 मार्च को वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों में वस्तु निर्यात 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। वैश्विक निर्यात चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात भी बढ़ रहे हैं। वर्ष 2021-22 में उत्पाद एवं सेवा निर्यात का जो मूल्य करीब 676 अरब डॉलर था, वह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 770 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है। एक ओर जहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए भारत को चमकता स्थान (स्पाट) माना जा रहा है, वहीं दुनिया के देश भारत से दवाई और कृषि सहित विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के निर्यात बढ़ाने की पहल करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में 160 से अधिक देशों की कंपनियों ने भारत में अर्थव्यवस्था के 61 क्षेत्रों में निवेश किया है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत के रिकॉर्ड स्तर पर 84 अरब डॉलर का विदेशी निवेश मिला था। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि रिजर्व बैंक आरबीआई ने जुलाई 2022 में डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपए में करने का प्रस्ताव किया था।

15 मार्च तक रूस, मारीशस व श्रीलंका के द्वारा भारतीय रुपए में विदेशी व्यापार शुरू करने के बाद अब तक 18 देशों के बैंकों ने रुपए में व्यापार करने के लिए विशेष वोस्ट्रो खाते खोले हैं। 35 से अधिक देशों ने रुपए में व्यापार करने में रुचि दिखाई है। इससे भारत को कई मोर्चों पर लाभ मिलेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे भारत बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार (रिसर्च एंड इनोवेशन) में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। हाल ही में 4 मार्च को माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की और कहा कि इस समय दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत बौद्धिक सम्पदा, शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को अपनी मुट्ठियों में कर रहा है।

अमेरिका के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक रिपोर्ट 2023 में बौद्धिक संपदा आधारित नवाचार मामले में भारत को दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर चिन्हित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति में भारत आईपी-प्रेरित नवाचारों की मदद से अपनी अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने की मंशा रखने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक अग्रणी देश बन सकता है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं।

उत्तराखंड प्रहरी

## कविता



### मईया का जवाब नहीं ....

रूप तुम्हारे अनेक है,गुणों की भी कोई गिनती नहीं।

भक्त हो जब भी संकट में,रक्षक तुम्हारे सिवा कोई और नहीं।

विनती अपने भक्तों की,सुनने वाला है तुम्हारे सिवा कोई नहीं।


दुख-विपदा से उबारने वाला,है तुम्हारे सिवा कोई और नहीं।

है नहीं दुनियां में कोई धर्म ऐसा,जिसमें तुम्हारी पूजा नहीं।

पूत-कपूत हो सकता है,पर सुनी कभी माता-कुमाता नहीं।

देखी मैंने दुनियां सारी,पर मां जैसा कोई दूजा नहीं।

है दुनियां में जवाब हर बात का,पर मईया का जवाब नहीं।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

## गलत निर्णयों का दंश झेलती आबकारी नीति

प्रवीण कुमार शर्मा

पूर्व सरकार द्वारा पांच वर्षों के दौरान ठेकों की नीलामी न किए जाने के पीछे क्या कारण रहे, यह तो पूर्व सरकार के कार-कारिंदे ही बेहतर बता पाएंगे, पर इस बार की नीलामी ने पूर्व सरकार की कार्यप्रणाली को पूरी तरह नीलाम कर दिया है। चंद ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में प्रदेश के हितों को दाव पर लगाने का भले ही यह पहला मामला न हो, पर ठेकेदारों, अधिकारियों और राजनेताओं की मिलीभगत किस तरह से प्रदेश को हानि पहुंचाती रही है, उसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। यह भी तय है कि एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप, अधिकारियों को गलत ठहराए जाने से अधिक इस मामले में भी कुछ नहीं होगा

प्रदेश का विकास सरकार की नीतियों और नियत पर निर्भर करता है। नीतियों का निर्माण और उसमें सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में नीति निर्माण में कमियों की भरपाई संभव है, परंतु गलत नीति अपनाई जाए तो यह विकास की प्रक्रिया पर गहरी चोट करता है। प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन के लिए भले ही कांग्रेस और भाजपा आज एक-दूसरे पर प्रहार कर रही हैं, परंतु वास्तविकता यह है कि गलत नीतियों की संस्कृति ने आज प्रत्येक हिमाचली के सिर पर लगभग एक लाख रुपए का बोझ चढ़ा दिया है और वर्तमान स्थिति यह है कि पहले से लिए गए कर्ज के ब्याज को चुकाने के लिए भी सरकार को नया कर्ज लेना पड़ रहा है।

हिमाचल प्रदेश के कुल राजस्व में आबकारी विभाग एक बड़ा अंशदाता है। राज्य की आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा शराब के ठेकों की नीलामी से आता है। आबकारी विभाग इसके लिए तीन तरह की प्रक्रिया को अपनाता रहा है। पहला टेंडर और नीलामी, जिसमें विभाग गत वर्ष में ठेकों की नीलामी में हुई आय में कुछ प्रतिशत वृद्धि करने के पश्चात टेंडर जारी करता है और साथ में नीलामी प्रक्रिया को भी अपनाता है, जिससे उसे किसी भी ठेके की नीलामी की सर्वाधिक कीमत मिल जाती है। यह एक विश्वसनीय प्रक्रिया है जिसमें सरकार कभी घाटे में नहीं रहती है। पर शराब के ठेकेदारों को प्रतिस्पर्धा के कारण यह प्रक्रिया कभी रास नहीं आती है।वर्ष 2018 में सत्ता संभालने के पश्चात जयराम सरकार ने गत वीरभद्र सरकार के दौरान आबकारी नीति में अनियमितताओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की घोषणा की और पूर्व सरकार द्वारा गठित हिमाचल प्रदेश बेवेरेजिस लिमिटिड (एचपीबीएल) को भी भंग कर दिया जो एक सही कदम था और एक नई आबकारी नीति के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए शराब के ठेकों की नीलामी की जगह एक दूसरी प्रक्रिया अपनाते हुए गत वर्ष की नीलामी में कुछ प्रतिशत की वृद्धि के साथ लॉटरी सिस्टम के द्वारा प्रदेश के सभी ठेकों को आवंटित कर दिया। वर्ष 2019-20 में तीसरी तरह की प्रक्रिया को आजमाया गया जिसमें पूर्व में आवंटित ठेकों को मात्र 4 फीसदी की वृद्धि के साथ नवीनीकरण कर दिया गया । शायद इससे बड़ा धोखा प्रदेश के साथ पहले कभी हुआ हो।

वर्ष 2020-21 और 22-23 के लिए कोरोना के नाम पर पुनः नवीनीकरण की प्रक्रिया अपनायी गयी जिसका परिणाम यह निकला कि जो आबकारी विभाग वर्ष 2012 से 2017 के बीच औसतन प्रतिवर्ष 12 फीसदी वृद्धि दर के साथ राजस्व प्राप्त कर रहा था, उसकी आय में वृद्धि दर वर्ष 2018-19 में 4.70 फीसदी, वर्ष 2019-20 में 5.83 और वर्ष 2021 में 3.65 फीसदी तक सिमट कर रह गयी। दूसरी तरफ ठेकेदारों की पौ बारह हो गयी।

वैधानिक सूचना

उत्तराखंड प्रहरी के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। उत्तराखंड प्रहरी में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए उत्तराखंड प्रहरी जिम्मेवार नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री ने किया एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य एवं डाटकाली में बन रहे टनल का निरीक्षण

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के तहत उत्तराखण्ड में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने डाटकाली के निकट एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य एवं डाटकाली में बन रहे टनल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से सबंधित जो भी कार्य होने हैं, उनमें तेजी लाने के लिए एनएचएआई को जो भी आवश्यक सहयोग चाहिए होगा, राज्य की ओर से दिया जायेगा, ताकि कार्यों में किसी भी प्रकार से विलंब न हो। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उत्तराखण्ड में होने वाले कार्यों के लिए रात्रि में भी अनुमति दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे बन जाने के बाद दिल्ली से देहरादून की दूरी मात्र दो से ढ़ाई घण्टे में पूर्ण होगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से उत्तराखण्ड को बहुत फायदा होगा। दिल्ली और उसके आस-पास के लोगों को उत्तराखण्ड आने में काफी सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तेज गति से सड़क कनेक्टिविटी बढ़ रही है। इससे आने वाले समय में राज्य में आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आयेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने एनएचआई के अधिकारियों से कहा कि इन श्रमिकों के स्वास्थ्य, रहने एवं खाने की व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि मार्च 2024 तक एक्सप्रेसवे के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रयास किये जा रहे हैं, कि उससे पूर्व ही ये कार्य पूर्ण किये जाएं। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग अयाज अहमद, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, अपर सचिव विनीत कुमार एवं एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित थे।

## जी-20 समिट उत्तराखंड : रामनगर में आज से शुरू होगी समिट

**देहरादून।** उत्तराखंड के रामनगर में 28 से 30 मार्च तक चलने वाली जी-20 समिट आज मंगलवार से शुरू हो जाएगी। समिट में आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए रामनगर तैयार है। प्रशासन ने उनकी सुरक्षा समेत सभी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। मेहमान कड़ी सुरक्षा के बीच रामनगर पहुंचेंगे। सूत्रों के अनुसार 36 विदेशी और 20 भारतीय सहित कुल 66 मेहमान रामनगर जी-20 समिट में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। 28 मार्च शाम चार बजे तक विदेशी डेलीगेट रामनगर पहुंचेंगे। विदेशी मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से ढिकुली के ताज रिजॉर्ट में की गई है। सोमवार को पंतनगर एयरपोर्ट से लेकर रामनगर ढिकुली तक विदेशी मेहमानों के आगमन का रिहर्सल प्रशासन की ओर से किया गया। इस दौरान जहां खामियां मिलीं, उन्हें दूर किया गया। दिनभर तैयारियों को अंतिम रूप देने में डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भट्ट आदि अधिकारी जुटे रहे। सीआईडी, आईबी, स्पेशल ब्रांच, एलआईयू की टीम भी अलर्ट रही और विदेशी मेहमानों के रूट पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

# केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में हुआ बदलाव अब 30 मार्च को उत्तराखंड आयेंगे




**हरिद्वार से करेंगे 670 एमपैक्सों के कम्प्युटरीकरण का शुभारम्भ**

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव के चलते सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज UKCDP निदेशालय देहरादून सभागार में कार्यक्रम की तैयारियों में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री उत्तराखंड डॉक्टर धन सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले माननीय श्री अमित शाह जी का 31 मार्च को प्रस्तावित दौरा था लेकिन किन्ही कारणवश अब वह 1 दिन पहले 30 मार्च को देवभूमि आएंगे। उत्तराखंड राज्य में न्याय पंचायत स्तर पर 600 बहुद्देशीय सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन कार्य का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में बदलाव के चलते राज्य का सहकारिता विभाग सभी कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। केन्द्रीय मंत्री के उत्तराखंड दौरे को देखते हुये कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कार्यक्रम एवं विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ से संबंधी तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि अब 30 मार्च को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह ऋषिकुल मैदान हरिद्वार से सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर की 670 न्यायपंचायतों में बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जिनका शुभारम्भ केन्द्रीय सहाकारिता मंत्री ऑनलाइन करेंगे। इस योजना के शुरू होने से प्रदेशभर के किसानों को समितियों के माध्यम से एक ही छत के नीचे विभिन्न सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके साथ ही प्रदेश के 95 एमपैक्सों में जन सुविधा केन्द्र एवं जन औषधी केन्द्रों की स्थापना का शुभारम्भ भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम में कृषि और औद्यानिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के साथ ही दीन दयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना के अंतर्गत शून्य ब्याज दर पर ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को चैक वितरण भी किया जायेगा। विभगाय मंत्री ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा सभी 95 विकासखंडों में राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत संयुक्त सहकारी खेती के संचालन का भी शुभारम्भ किया जायेगा। बैठक के दौरान सचिव सहकारिता डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम निबंधक सहकारिता आलोक पांडे, अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद ए0डी शुक्ल, प्रबंध निदेशक यूसीएफ कुमारी रविन्द्री मंद्रवाल संयुक्त निबंधक एम पी त्रिपाठी, नीरज बेलवाल, एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को दिन 12 बजकर 41 मिनट पर खुलेंगे श्री यमुनोत्री धाम के कपाट



**खुशीमठ / ऋषिकेश।** श्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया शनिवार 22 अप्रैल को दिन में 12 बजकर 41 मिनट पर कर्क लग्न, अभिजीत मुहूर्त, कृतिका नक्षत्र में खुलेंगे। आज सोमवार को यमुना जयंती चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खुशीमठ ( खरसाली )में मंदिर समिति यमनोत्री द्वारा मां यमुना की पूजा अर्चना के पश्चात विधि विधान पंचाग गणना के पश्चात विद्वान आचार्यों- तीर्थपुरोहितों द्वारा श्री यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि तथा समय तय किया गया। तथा श्री यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने मंदिर समिति पदाधिकारियों तथा तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति कपाट खुलने की तिथि समय की विधिवत घोषणा की।

मंदिर समिति के पूर्व सचिव कीर्तेश्वर उनियाल ने बताया कि इस अवसर पर मां यमुना जी की उत्सव डोली के धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हुआ। शनिवार 22 अप्रैल को मां यमुना की उत्सव डोली, मां यमुना जी के भाई श्री सोमेश्वर देवता जी के साथ समारोह पूर्वक सेना के बेंड के साथ खुशीमठ से प्रातः 8 बजकर 25 मिनट पर प्रस्थान यमुनोत्री मंदिर परिसर में पहुंचेगी। अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को दिन में 12 बजकर 41 मिनट पर श्री यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जायेंगे।



**पर्यटन- धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा हेतु श्रद्धालुओं में उत्साह चारधाम यात्रा पंजीकरण साढ़े छ: लाख के निकट।**

**चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन ने चारधाम यात्रा तैयारियों हेतु जिलाधिकारियों को निर्देश दिये यात्रा तैयारियों की मानिटरिंग।**

कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर पर शीतकालीन रावल ब्रह्मानंद उनियाल,मंदिर समिति सचिव सुरेश सेमवाल, उपाध्यक्ष राजस्वरूप उनियाल, श्री यमुनोत्री महासभा अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के पूर्व सचिव कृतेश्वर उनियाल, आदि उपस्थित रहे। यहां यह उल्लेखनीय है कि मां यमुना के कपाट भी अक्षय तृतीया के दिन खुलते है। वहीं श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल प्रातः 7 बजकर 10 मिनट तथा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर तथा श्री गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया 22 अप्रैल दिन में 12 बजकर 35 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा तैयारियों को पूरा करने हेतु 15 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दे चुके हैं। पर्यटन- धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा हेतु श्रद्धालुओं में उत्साह है अभी तक चारों धामों हेतु पंजीकरण की संख्या छः लाख चौंतीस हजार से अधिक पहुंच गयी है। इसी संदर्भ में चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन के विशेष कार्याधिकारी / अपर आयुक्त गढ़वाल नरेन्द्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के तहत चारों धामों में सभी विभागों को यात्रा संबंधित तैयारियां तथा कार्य को 15 अप्रैल तक पूरा किये जाने हेतु गढवाल कमिश्नर/ अध्यक्ष यात्रा प्रशासन संगठन सुशील कुमार द्वारा जिलाधिकारी चमोली , रूद्रप्रयाग तथा उत्तरकाशी तथा सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिये हैं। लगातार बैठकों तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा लगातार यात्रा तैयारियों की मानंटरिंग की जा रही है। बदरीनाथ, केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्गों सहित बिद्युत, पेयजल, संचार, चिकित्सा,आवास सुविधाओं को समय बद्ध ढ़ग से व्यवस्थित किया जा रहा है। प्रशासन रूद्रप्रयाग द्वारा केदारनाथ में पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य अंतिम चरण में है।

# एक वर्ष के कार्यकाल में भाजपा ने किए गए अभूतपूर्व विकास कार्य : जोशी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून** । राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप प्रदेश स्तर 'जन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। जिसके अन्तर्गत समस्त विधानसभाओं में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे है इसी श्रृंखला में आज मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सामुदायिक केन्द्र हाथीबड़कला में राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का उद्घाटन मा0 कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। बहुउद्देशीय शिविर में पंचायतीराज विभाग, समाज कल्याण विभाग, जल संस्थान, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, डेयरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गए थे।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने बहुउद्देशीय शिविर में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदेश सरकार द्वारा इस एक वर्ष के कार्यकाल में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे है। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार "विकल्प रहित संकल्प" के धेय के साथ निरंतर अग्रसर है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कमेटी का गठन किया गया है और समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बहनों के साथ छल न कर सके, इसके लिए सख्त धर्मानान्तरण कानून लागू, महिलाओं के आत्मनिर्भर एवं उन्नयन हेतु भर्तियों में महिलाओं को क्षेतिज आरक्षण लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में नकल रोकने हेतु देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाकर लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को अन्तराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित कराने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जब यूएन में पीएम मोदी ने प्रस्ताव रखा तो 72 देशों ने इसका समर्थन किया और आज अन्तराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मनाया जा रहा है। हमारी सरकार ने स्टेट मिलेट मिशन की घोषणा की है।

# खबरों की दुनिया के बेताज बादशाह थे तनुज वालिया : विकास गर्ग

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



हरिद्वार। हरिद्वार के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार तनुज वालिया के निधन पर सभी पत्रकार यूनियन, समाजिक और राजनीति से जुड़े क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख जताया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही उनके निधन को कभी न पूरी होने वाली क्षति बताया है। उत्तराखंड प्रहरी के प्रकाशक / संपादक विकास गर्ग और मुख्य संपादक सुमित तिवारी ने कहा की तनुज वालिया अतभूत प्रतिभा के धनी थे उनकी लेखनी इतनी शानदार थी कि हर कोई उनसे प्रभावित हो जाता था। उनके निधन के सामाचार से पत्रकार जगत में बहुत बड़ा शून्य आ गया है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। वरिष्ठ पत्रकार जोगेन्द्र सिंह मावी व श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यालय प्रभारी युवा पत्रकार गौरव कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार तनुज वालिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि तनुज वालिया खबरों की दुनिया के बेताज बादशाह थे। उन्होंने दो दशक की पत्रकारिता में नए आयाम स्थापित करने का कार्य किया है। उन्होंने हमेशा अपनी कलम के माध्यम से पुलिस और प्रशासन को जगाने का काम किया है। खासकर अपराध की खबरों में उनकी पकड़ बहुत जबरदस्त थी। उन्हें शॉर्प क्राइम रिपोर्टर के रूप में भी जाना जाता था। ईटीवी प्रभारी किरण कांत ने कहा कि दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार तनुज वालिया ने अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान अखबार के साथ इलेक्ट्रोनिक मीडिया में समाचार प्लस, श्री न्यूज़, ईटीवी सहित तमाम प्रमुख प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों में अपनी सेवाओं को बखूबी अंजाम दिया है। सुखबीर सिंह ने कहा कि उनके निधन से गहरा आघात पहुंचा है। उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। उनका निधन अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत तनुज वालिया युवा पत्रकारों के प्रेरणा स्रोत थे। उन्हें अंतिम श्रृद्धांजलि देने वालों में डॉ सोमित्र पांडेय धर्मेन्द्र विश्नोई, विकास बाली, ललित शर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# एटीएम लुटने आए 5 बदमाश पुलिस की सक्रियता से हुए नाकाम



## कनखल पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार**। कनखल पुलिस की मुस्तैदी से डकैतों के हौसले पस्त हो गए। पुलिस ने एटीएम उखाड़कर लूट की का प्रयास कर रहे पांच आरोपियों को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि 27 रात्रि करीब 2.30 बजे चेतक कर्मगण सुनील राणा व गजय तोमर गस्त पर थे। गस्त करते हुए गुरु राम राय के पास पीएनबी जगजीतपुर एटीएम पहुंचे तो एटीएम के अंदर से कुछ आवाजे आती सुनाई दी। शक होने पर एटीएम के पास जाकर चेक किया तो एक लड़का एटीएम के बाहर जेनरेटर की आड़ लेकर छिपा था। जिसको मौके पर पकड़ कर पूछताछ की। जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एटीएम तोड़कर लूट करने की योजना के बारे में बताया। इसकी सूचना तत्काल ही दोनो कर्मियों ने उच्च अधिकारियों को दी। जिस पर जल्द ही थाने से अन्य फोर्स मौके पर पहुंचा। एटीएम के अंदर घुसे अन्य बदमासो को सुझबुझ दिखाते हुए पकड़ लिया। अभियुक्तगण काफी शातिर किस्म के है। जिनके पास से नाजायज तमंचे, एटीएम तोड़ने के लिए लाई गई हथौड़ी, कुल्हाड़ी ,मिर्ची पाउडर व अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपियों ने एटीएम मशीन तोड़ ली गई थी इससे पहले कि ये लोग पैसे निकालते पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 380, 398, 399, 400, 402, 427, 457, 511 आईपीसी तथा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी अमन पुत्र मुकेश उम्र 20 वर्ष, अभिषेक पुत्र सीधक सिंह उम्र 19 वर्ष निवासीगण मुंडाखेड़ा लक्सर, विशाल पुत्र रवि उम्र 18 वर्ष, दीक्षांत पुत्र विनोद उम्र 19 वर्ष, नरेश पुत्र सेवाराम उम्र 45 वर्ष निवासीगण फेरपुर पथरी को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के पास 2 तमंचे नाजायज 12 एवं 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 1 कुल्हाड़ी, 1 हथौड़ी, 1 छेनी, एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो ब्लैक , 2 टूटे सीसीटीवी कैमरे , 1 सिक्योरिटी लॉक सिस्टम बरामद हुआ है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी नरेश राठौड़, एसआई अंशुल अग्रवाल, एसआई भजराम चौहान, एचसी सुनील राणा, कांस्टेबल गजय तोमर, संतोष, बालकराम, महावीर, कांस्टेबल नितिन ठाकुर मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र के लिए राहत सामग्री के वाहनों को रवाना

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**देहरादून**। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र के लिए राहत सामग्री के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। यह राहत सामग्री एचडीएफसी बैंक के CSR कार्यक्रम के अंतर्गत दी गई है। मानव सेवा समाज संस्था द्वारा प्रभावितों को जोशीमठ में यह राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जोशीमठ में प्रभावितों को 1500 गरम पानी के बैग, 01 हजार कंबल, 8 सोलर चलित गीजर, 01 हजार एमरजेंसी सोलर चार्ज लाईट, 20 हजार सैनेट्री पैड, 260 अंगीठी एवं 460 रूम हीटर एचडीएफसी बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ के प्रभावितों के लिए दिए गए इस सहयोग के लिए एचडीएफसी बैंक एवं मानव सेवा समाज संस्था का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा की जोशीमठ के प्रभावितों को पुनर्वास एवं सारी व्यवस्थाएं व्यवस्थित तरीके से हो, इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। सरकार के सहयोग के लिए संस्थाएं भी आगे आ रही हैं। प्रधानमंत्री जी ने जोशीमठ प्रभावित क्षेत्र के लिए समीक्षाएं की हैं, केंद्र सरकार की ओर से राज्य को हर संभव सहयोग का आश्वासन मिला है। इस बार के बजट में जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र के लिए एक हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड बकुल सिक्का, गौरव जैन, विवेक ग्रोवर, मानव सेवा समाज संस्था से आशीष गिरी, जितेंद्र मुदलियार, श्याम सुंदर एवं सुश्री उमा मौजूद थे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने किए मां चंडी देवी मंदिर में दर्शन




**हरिद्वार**। मां चंडी देवी मंदिर परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा है कि नवरात्रि साधना का मुख्य उद्देश्य हमारे अंदर की पशुता को बिंदु रूप कर विराट देवत्व की प्रतिस्थापना है। भारतीय गृहस्थ जीवन, शक्ति पूजन, व्यक्तित्व संवर्धन एवं आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का एक विराट संकल्प है। मां दुर्गा के पूजन से हमारे समाज में स्त्रियों को माता, देवी एवं पूज्य स्थान प्राप्त होता है। नील पर्वत स्थित सिद्ध स्थल चंडी देवी मंदिर के प्रांगण में नवरात्रि के छठे दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने परिवार संग माता चंडी देवी के दर्शन किए। इस दौरान महंत रोहित गिरी महाराज ने उन्हें माता की चुनरी और नारियल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिसमें लोग अपनी आध्यात्मिक और मानसिक शक्ति के संचय के लिए अनेक प्रकार के व्रत, संयम, नियम, यज्ञ, पूजन, योग, साधना आदि करते हैं। जिनसे प्रसन्न होकर देवी भगवती उन्हें मनोवांछित फल प्रदान करती है। वास्तव में नवरात्रि पवित्रता शक्ति और दिव्यता का प्रतीक है। महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा कि नवरात्र के दौरान छोटी कन्याओं का पूजन करने से माता प्रसन्न होकर साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है। इसलिए कन्याओं का विशेष रूप से पूजा सभी को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां चंडी देवी अत्यंत दयालु एवं कृपालु है। जो भक्तों की सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न होकर उन पर असीम कृपा बरसाती है। चंडी देवी मंदिर में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु भक्तों का कल्याण स्वयं ही हो जाता है। इस अवसर पर पंडित पंकज रतूड़ी, पंडित देशवाल शास्त्री, पंडित राजेश कुकशाल, पंडित नवल किशोर, पंडित अमित बेलवाल, पंडित रोहित डबराल, पंडित मनमोहन कंडवाल, विशाल कश्यप, सुनील कश्यप, मोहित राठौर, पंडित बैजनाथ भट्ट, अवनीश त्रिपाठी, त्रिलोक शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# इंडिगो ने धर्मशाला से दिल्ली के बीच शुरू की सीधी उड़ान





**कोलकाता।** देश की अग्रणी विमानन कंपनी इंडिगो ने रविवार को धर्मशाला से दिल्ली के बीच सीधी उड़ानें शुरू की, जो उसका 78वां घरेलू और 104वां समग्र गंतव्य है। कंपनी की इस पहल से हिमाचल प्रदेश में एयरलाइन का प्रवेश हो गया है। इस सुविधा के शुरू होने से हिमाचल की घरेलू कनेक्टिविटी मजबूत होगी साथ ही गर्मी के मौसम में ग्राहकों के लिए यात्रा अधिक किफायती तथा परेशानी रहित हो जाएगी।

इस अवसर पर इंडिगो ग्लोबल सेल्स के प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, "हम 6ई नेटवर्क में 78वें घरेलू गंतव्य धर्मशाला से अपने परिचालन की शुरुआत की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं, जो हिमाचल प्रदेश की शांत घाटियों में अपना रास्ता बना रहा है। धर्मशाला से सीधी कनेक्टिविटी पर्यटकों को स्थानीय बाजारों, मंदिरों और मठों, संग्रहालयों, चर्चों का पता लगाने तथा हिमाचल प्रदेश के सुरम्य झरनों व पहाड़ों में आराम करने के लिए एक प्रवेश द्वार प्रदान करेगी। इस कदम का उद्देश्य यात्री ट्रैफिक को और भी बढ़ाना है क्योंकि हमने हिमाचल प्रदेश से कनेक्टिविटी की भारी मांग देखी है।"

विनय मल्होत्रा ने कहा, "दिल्ली से सीधी उड़ानें, हिमाचल प्रदेश को देश के बाकी हिस्सों और एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप के अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से भी जोड़ेगी। समय पर, परेशानी मुक्त और लागत प्रभावी यात्रा अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता बनी हुई है।" पश्चिमी हिमाचल क्षेत्र में स्थित, धर्मशाला घाटी और स्थानीय बाजारों की प्राकृतिक सुंदरता को निहारने तथा अनुभव करने के लिए एक आदर्श स्थान है।

यह हिमाचल प्रदेश की शीतकालीन राजधानी है और आध्यात्मिक नेता दलाई लामा का निवास स्थान है। बौद्ध धर्म का अध्ययन करने और संस्कृति की उत्पत्ति का अनुभव करने के लिए धर्मशाला एक प्रसिद्ध स्थान है। हिल स्टेशन को दो अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया है – निचला धर्मशाला जो वाणिज्यिक बाजार जिला है, और ऊपरी धर्मशाला जैसे मैक्लोडगंज व फोर्सिथगंज, जो इस क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक मार्कर के रूप में काम करते हैं। यह क्षेत्र धौलाधार पर्वत श्रृंखला में लंबी पैदल यात्रा और ट्रेक के लिए एक शानदार प्रारंभिक बिंदु है।

धर्मशाला के लिए सीधी उड़ानें शुरू होने से आसपास के पर्यटकों की आकर्षण केंद्रों तक पहुंच बढ़ेगी और पहाड़ों में छुट्टियां बिताने की तलाश कर रहे उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलेंगे। त्सुगलगखांग कॉम्प्लेक्स, दलाई लामा, नामग्याल मठ, सेंट जॉन इन द वाइल्डरनेस, द तिब्बत म्यूजियम, भागसू नाग मंदिर, नड्डी हिल पॉइंट मैक्लोड गंज, भागसूनाग झरना, और डल झील धर्मशाला के दर्शनीय और ऐतिहासिक पर्यटक आकर्षणों में से एक हैं जो देश व विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसके अलावा धर्मशाला के लिए सीधी उड़ानों से कांगड़ा, पालमपुर और चंबा जैसे आस-पास के स्थानों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा।



# सिगरेट पर जीएसटी सेस की दर तय

## केंद्र सरकार ने की तय, पान-मसाला के लिए भी निर्धारित हुई दरें

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस की अधिकतम सीमा को तय कर दिया है। इसे अधिकम खुदरा मूल्य से भी जोड़ दिया गया है। सेस की अधिकतम दर फाइनेंस बिल 2023 में लाए गए संशोधनों के तहत हुआ है, जिसे लोकसभा में शुक्रवार को पास किया गया है। संशोधन के अनुसार अब पान मसाला पर अधिकतम जीएसटी कंपनसेशन सेस खुदरा बाजार मूल्य का 51 प्रतिशत होगा। मौजूदा समय में सेस यथामूल्य पर 135 प्रतिशत लगाया जाता है। तंबाकू की दर 4,170 रुपए प्रति हजार स्टिक और 290 प्रतिशत यथामूल्य या प्रति यूनिट खुदरा बिक्री मूल्य का 100 प्रतिशत तय की गई है।

अब तकए उच्चतम दर 4ए170 रुपये प्रति हजार स्टिक और 290 प्रतिशत यथा मूल्य थी। उपकर 28 प्रतिशत की उच्चतम वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी दर के ऊपर और ऊपर लगाया जाता है। वित्त विधेयक में संशोधन के माध्यम से लाए गए जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर अधिनियम की अनुसूची-आई में परिवर्तन ने पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर लगाए जाने वाले अधिकतम उपकर को सीमित कर दिया है। हालांकि कर विशेषज्ञों का कहना है कि इस बदलाव के बाद लागू मुआवजे के सटीक उपकर का पता लगाने के लिए जीएसटी परिषद को एक अधिसूचना जारी करने की आवश्यकता होगी। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के सीनियर पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि जीएसटी मुआवजा उपकर कानून में नवीनतम संशोधन एक सक्षमता है।



# विदेशी मुद्रा भंडार 12.8 अरब डॉलर बढ़कर 572.8 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त वृद्धि से 17 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेश मुद्रा भंडार 12.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 572.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.5 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 505.35 अरब डॉलर हो गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.12 डॉलर की भारी वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर 44.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 9.8 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 18.22 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.13 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर को इंटरनेशनल फेम अवार्ड, अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के हाथों मिला सम्मान



**पालमपुर।** प्रदेश के टॉप ज्वेलर्स में अपना नाम दर्ज करा चुके पालमपुर के सुप्रसिद्ध बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर का डंका न सिर्फ हिमाचल, बल्कि पूरे एशिया में बज रहा है, जिसके चलते लगतार दूसरी बार उन्हेंदिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल फेम अवार्ड 2023 में बेस्ट ज्वेलरी शोरूम इन हिमाचल प्रदेश का अवार्ड फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा द्वारा दिया गया। शोरूम के एमडी मानिक करवाल ने बताया कि जानी मानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा से अवार्ड मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में देशों की कई जानी-मानी हस्तियों ने भाग लिया था, जिनको उनकी इंडस्ट्री के हिसाब से अवार्ड दिए गए बारी बेस्ट ज्वेलर्स की आई, तो हमें यह अवार्ड मिला, जिससे मैं और मेरा पूरा परिवार बेहद खुश है। शोरूम के चेयरमैन व एमडी सतीश करवाल और मानिक करवाल ने कहा कि यह गौरव की बात है कि बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर को दूसरी बार बेस्ट ज्वेलरी शोरूम का अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि इस अवार्ड का पूरा श्रेय हम अपने प्रिय ग्राहकों को देना चाहते हैं, जिनका अटूट विश्वास हम पर है और जिनकी वजह से ही हमें इस बार फिर से अवार्ड मिला है।

**2022 में माधुरी दीक्षित से मिला था पुरस्कार**

शोरूम के एमडी मानिक करवाल ने बताया की पिछले वर्ष 2022 के मार्च में आयोजित हुए एशियन एक्सेलेन्स अवार्ड 2022 में भी उन्हें बेस्ट ज्वेलरी शोरूम इन हिमाचल का अवार्ड माधुरी दीक्षित द्वारा दिया गया था। उन्होंने बताया कि जब पहली बार बुड्ढा मल ज्वेलर्स को यह अवार्ड मिला था, तो मुझे भरोसा नहीं हो रहा था कि हिमाचल जैसे प्रदेश के किसी शोरूम को बेस्ट ज्वेलरी शोरूम का अवार्ड मिलेगा और उन्होंने बताया कि जब मुझे यह अवार्ड मिलने पर गर्व महसूस हुआ।

# मुंबई डब्ल्यूपीएल की पहली चैंपियन, फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से दी मात



**मुंबई,एजेंसियां।** वूमंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन रविवार को समाप्त हो गया। फाइनल मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हरा दिया। हरनप्रीत कौर की टीम ने कमाल करते हुए पहले सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। दिल्ली ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.3 ओवर में तीन विकेट पर 134 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी नताली सीवर ब्रंट ने वूमंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस को चैंपियन बना दिया है। उन्होंने 55 गेंद पर नाबाद 60 रन बनाकर टीम को खिताब जीता दिया।इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 132 रनों का लक्ष्य दिया है। दिल्ली ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 131 रन बनाए। 79 रन पर नौ विकेट गंवाने के बाद शिखा पांडे और राधा यादव ने आखिरी विकेट के लिए 24 गेंद पर नाबाद 52 रनों की साझेदारी की। राधा ने 12 गेंद पर नाबाद 27 और शिखा ने 17 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए। राधा ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। मुंबई के लिए इस्सी वोंग और हीली मैथ्यूज ने तीन-तीन विकेट लिए। अमेलिया केर को दो सफलता मिली।

# निखत जरीन दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन, मुक्केबाजी स्पर्धा में वियतनाम की नुयेन थी ताम 5-0 हराईं




मैरीकॉम के बाद कारनामा करने वाली दूसरी भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बॉक्सर निखत जरीन ने दिल्ली में चल रही वल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लगातार दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया है। वे ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बनी हैं। उनसे पहले मैरीकॉम यह कारनामा कर चुकी हैं। निखत के बाद टोक्यो ओलंपिक की ब्रांज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने भी गोल्ड जीता। वह पहली बार वल्ड चैंपियन बनी हैं। लवलीना भारत की 8वीं वल्ड चैंपियन हैं। यह इस चैंपियनशिप में भारत का चौथा गोल्ड है। लवलीना-निखत से पहले स्वीटी और नीतू ने गोल्ड जीते हैं। 50 किग्रा वेट कैटेगरी में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरी 26 साल की निखत ने वियतनाम की दो बार की एशियन चैंपियन गुयेन थी ताम को 5-0 से हराया। वहीं, 75 किग्रा कैटेगरी में लवलीना बोरगोहेन ने ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज केटलीन पार्कर को 5-2 से हराया। जीत के बाद निखत जरीन ने कहा, मैं दूसरी बार विश्व चैंपियन बनकर बेहद खुश हूं, खासकर एक अलग वेट कैटेगरी में। इस टूर्नामेंट में यह मुकाबला सबसे कठिन मुकाबला था और चूंकि यह टूर्नामेंट का आखिरी मैच था, इसलिए मैं अपनी ऊर्जा का पूरी तरह से उपयोग करना चाहती थी और सब कुछ रिंग में छोड़ देना चाहती थी। यह बाउट का एक रोलर कोस्टर था, जिसमें हम दोनों को चेतावनी के साथ-साथ आठ काउंट भी मिले और यह बहुत करीबी मैच था। अंतिम राउंड में मेरी रणनीति थी कि मैं पूरी ताकत से आक्रमण करूं और जब विजेता के रूप में मेरा हाथ उठा, तो मुझे बेहद खुशी हुई। यह पदक उन सभी के लिए है, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में हमारा समर्थन और हौसला अफजाई की है। सभी भारतीयों से यही कहना चाहूंगी कि आप मुझे सपोर्ट करते रहो और मैं ऐसे ही देश का नाम ऊंचा करती रहूंगी।

## अतंरराष्ट्रीय

# यूक्रेन को हथियार देकर रूस को नहीं हरा सकते; पुतिन की अमरीका-ब्रिटेन को दो टूक; बोले, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता

**मॉस्को, एजेंसियां।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को नाटो देशों की हथियार सप्लाई पर जोरदार हमला बोला है। पुतिन ने दो टूक-लहजे में कहा कि पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियार देकर रूस को नहीं हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को बाहरी देशों से हथियार मिल रहे हैं। यह चिंता की बात जरूर है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि रूस के पास जवाब देने के कई साधन हैं। पुतिन ने बताया कि रूस के पास हथियारों का जखीरा पड़ा हुआ है, जिसका अभी तक इस्तेमाल ही नहीं किया गया है। उन्होंने रूसी हथियार उत्पादन को लेकर भी पश्चिमी देशों को नसीहत दी। पुतिन ने कहा कि खतरे निश्चित रूप से मौजूद हैं। जब हथियारों की आपूर्ति किसी ऐसे देश को की जाती है जिसके साथ हम संघर्ष में हैं, तो यह हमेशा एक खतरा होता है।



**रूस में दवा की कमी नहीं**

मास्को। रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने कहा है कि रूस में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कोई कमी नहीं है तथा सभी संभावित मुद्दों को जल्दी से हल करने के लिए तंत्र विकसित कर लिया गया है। मुराशको ने कहा कि रूस में चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की कोई वैश्विक कमी नहीं है। यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो हमने ऐसे तंत्र विकसित किए हैं जो जल्दी और प्रभावी रूप से हर चीज की भरपाई करेंगे।

**पुतिन बेलारूस में तैनात करेंगे परमाणु हथियार**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियार तैनात करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक के बाद पहली बार ऐसा होगा, जब रूसी परमाणु हथियार देश से बाहर तैनात किए जाएंगे।

# 350 किलोमीटर तक मार; दमदार हैं उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक मिसाइलें, परीक्षण में खरी उतरीं

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने सोमवार सुबह दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। मिसाइलों ने करीब 350 किलोमीटर की दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। जापान कोस्ट गार्ड ने सोमवार को दो चेतावनियां जारी कीं, जिसमें बताया गया कि दो परीक्षण प्योंगयांग द्वारा किए गए।

जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पश्चिमी तट से दो बैलिस्टिक मिसाइलें लांच कीं, यह दोनों मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं। दोनों मिसाइलें 50 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचीं और लगभग 350 किलोमीटर की दूरी तय की। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरिया की सेना का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को उत्तर ह्वांगहे प्रांत के चुनघवा काउंटी क्षेत्र से स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 47 मिनट पर से दो कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों (एसआरबीएमएस) का परीक्षण किया।



दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेएससी) के अनुसार मिसाइलों ने करीब 370 किलोमीटर की दूरी तय की। उत्तर कोरिया ने इस महीने की शुरुआत में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हाइल अंडरवाटर ड्रोन का परीक्षण किया और जापान के सागर में बिना परमाणु चार्ज के एक परीक्षण वारहेड लांच किया। प्योंगयांग ने दो हवासल-1 और दो हवासल-2 रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का भी परीक्षण किया, जो परमाणु हथियारों से लैस थीं।

उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें

## एयर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के प्लेन हवा में टकराने से बचे



**काठमांडू।** आसमान में दो विमानों की टक्कर होते-होते बची है। एयर इंडिया और नेपाली एयरलाइंस के विमान एक-दूसरे के बिलकुल करीब आ गए थे। समय रहते वॉर्निंग सिस्टम ने पायलटों को अलर्ट कर दिया और हादसे को टाला गया। मामले में नेपाल सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएएएन) ने तीन एयर ट्रैफिक कंट्रोलर कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। शुक्रवार की सुबह नेपाली एयरलाइंस की एयरबस ए-320 कुआलालंपुर से काठमांडू आ रही थी। वहीं, नई दिल्ली से काठमांडू जा रहा एयर इंडिया का विमान भी आसमान में था। एयर इंडिया का विमान 19 हजार फुट की ऊंचाई से लैंडिंग के लिए नीचे आ रहा था। दूसरी तरफ नेपाल एयरलाइंस का विमान उसी लोकेशन पर 15000 फुट की ऊंचाई पर उड़ान भर रहा था।

## अमृतपाल के साथियों को 24 घंटे में रिहा करो, शिरोमणि अकाल तख्त की सरकार को चेतावनी



**चंडीगढ़।** भगोड़े अमृतपाल के खिलाफ पंजाब पुलिस का एक्शन जारी है। पुलिस अब तक उसके कई साथियों को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन अब अमृतपाल के समर्थकों को जेल से छुड़ाने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। सिखों के संगठन जत्थेदार अकाल तख्त ने अमृतपाल के साथियों को 24 घंटे के अंदर रिहा करने का अल्टीमेटम दिया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को कहा है कि सरकार 24 घंटे में अमृतपाल के साथियों को रिहा करे। अगर ऐसा न किया गया तो एसजीपीसी संगठन गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगा। धामी ने ऐसे लोगों से उन्हें संपर्क करने के लिए कहा है, जिनके परिवार के किसी भी सदस्य को अब तक पंजाब पुलिस ने इस मामले में पकड़ा है। एसजीपीसी ने कहा है कि उन परिवारों से संपर्क के बाद अदालत में याचिका दाखिल की जाएगी। उधर, अमृतपाल सिंह व उसके समर्थकों के खिलाफ पुलिस अभियान के तहत अमृतपाल के एक और करीबी को गिरफ्तार किया गया है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस के अनुसार वरिंदर सिंह जो सेना में कांस्टेबल के तौर पर सेवानिवृत्त हो चुका है, फरवरी में अजनाला घटना में शामिल था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अमृतपाल का एक गनमैन था। पंजाब पुलिस के बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो ने भी उससे पूछताछ की। उसके फोन से पुलिस को खालिस्तान बनाने से जुड़े अहम डॉक्यूमेंट्स बरामद हुए थे। उधर, अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के लिए पंजाब पुलिस अब नेपाल तक पहुंच चुकी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि अमृतपाल यूपी के रास्ते नेपाल भाग सकता है। यही वजह है कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड के बाद अब नेपाल में उसकी तलाश शुरू की गई है। इस बीच अमृतपाल सिंह की एक नई तस्वीर सामने आई है।

# सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज से गुजरेगी वंदे भारत, जम्मू-श्रीगनर को जोड़ेगी वंदे मेट्रो




**श्रीनगर,एजेंसियां।** देशभर में रेल मंत्रालय कई रूट्स पर वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन कर रहा है और आने वाले समय में भी कई और रूटस पर चलाए जाने का ऐलान भी कर दिया गया है। इसी कड़ी में जम्मू और कश्मीर में भी वंदे भारत ट्रेन को आने वाले समय में चलाया जाएगा। यह ट्रेन चिनाब नदी के ऊपर बन रहे दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज से होकर भी गुजरेगी। ऐसे में यह सोचकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब वंदे भारत तेज रफ्तार में दुनिया के सबसे ऊंचाई वाले रेल पुल से गुजरेगी, तो वह दृश्य कितना खूबसूरत होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक पूरी तरह से चालू हो जाने के बाद वंदे मेट्रो जम्मू और श्रीनगर को जोड़ेगी। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि यूएसबीआरएल परियोजना दिसंबर, 2023 या जनवरी, 2024 तक तैयार होने की संभावना है। एक बार रेलवे लाइन चालू हो जाने के बाद महत्त्वपूर्ण रेल लिंक पर वंदे भारत एक्सप्रेस भी चलेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस के सुचारू संचालन के लिए जम्मू-कश्मीर के बडगाम में रखरखाव सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। बता दें कि चिनाब नदी पुल नदी तल से 359 मीटर ऊपर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है। अब तक पुल पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

**रेल मंत्री ने व्हील माउंटेड ट्रॉली पर की सवारी**

रेल मंत्री ने व्हील माउंटेड ट्रॉली पर बैठकर रेल की पटरियों पर सवारी की। 1.3 किलोमीटर लंबा यह पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर के दायरे में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण कड़ी है। कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 1486 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से यह पुल बनाया जा रहा है।

## मन की बात के 100वें संस्करण के लिए पीएम मोदी ने मांगे सुझाव



**नईदिल्ली** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के सौवें संस्करण के लिए सुझाव मांगे हैं। श्री मोदी ने रविवार को मन की बात की 99वें संस्करण में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा और आपका 'मन की बात' का ये साथ, अपने निन्यानवें- (99वें) पायदान पर आ पहुंचा है। आम तौर पर कहा जाता है कि निन्यानवें (99वें) का फेर बहुत कठिन होता है। क्रिकेट में तो 99 को बहुत मुश्किल पड़ाव माना जाता है। उन्होंने कहा कि जहां भारत के जन-जन के 'मन की बात' हो, वहां की प्रेरणा ही कुछ और होती है।

## कनाडा के भारतीय मिशन में सुरक्षा चूक पर भारत सख्त, दिल्ली में उच्चायुक्त को किया तलब



**नई दिल्ली।** भारत के राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा चूक को लेकर विदेश मंत्रालय ने कनाडा के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

भारत ने नई दिल्ली स्थित कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, भारत सरकार ने स्पष्टीकरण मांगा है कि पुलिस की मौजूदगी में हमारे राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों की सुरक्षा में सेंध लगाने की अनुमति कैसे दी गई। भारत सरकार ने कनाडा के उच्चायुक्त से वियना कन्वेंशन की याद दिलाई और भारत के दूतावास और मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

इसके साथ ही मामले में पहचाने गए लोगों की गिरफ्तारी करने की मांग की। बयान में कहा गया है कि यह उम्मीद की जाती है कि कनाडा सरकार हमारे राजनयिकों की सुरक्षा और हमारे राजनयिक परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएगी।

## कोर्ट के कंधे पर रख मुझे मारना चाहते हैं, माफिया डॉन अतीक अहमद को सता रहा एनकाउंटर का डर



**अहमद,एजेंसियां।** उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन अतीक अहमद को लेकर साबरमती जेल के बाहर दिन भर गहमागहमी की स्थिति रही। सुबह ही उत्तर प्रदेश की पुलिस अतीक अहमद को गुजरात ले जाने के लिए अहमदाबाद के इस जेल के पास मौजूद थी। अतीक अहमद को ले जाने से पहले अहम कागजी कार्रवाई की गई। शाम करीब पांच बजकर 40 मिनट के आसपास अतीक अहमद साबरमती जेल से बाहर निकला। यह सच है कि पूरे उत्तर प्रदेश में कभी अतीक अहमद का सिक्का चलता था। साल 2019 में अतीक अहमद को साबरमती जेल में बंद किया गया था। रविवार की शाम जब यूपी पुलिस उसे लाने पहुंची तब कागजी कार्रवाई में थोड़ा वक्त लगा। इसके बाद काला कुर्ता और सफेद गमछा पहन अतीक अहमद जेल से बाहर आया।

अब कुख्यात को अपने एनकाउंटर का भी डर सता रहा था। जेल से निकलते वक्त वहां मीडिया की भी मौजूदगी थी, लिहाजा अतीक ने अपना डर भी जाहिर कर दिया। अतीक ने कहा कि कोर्ट के कंधे पर रखकर ये मुझे मारना चाहते हैं। अतीक अहमद ने कहा, हत्या, हत्या। इसके बाद जब कुछ पत्रकारों ने उससे सवाल पूछा तो अतीक ने कहा, मुझे इनका प्रोग्राम मालूम हैहत्या करना चाहते हैं। इसके बाद अतीक अहमद धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए पुलिस की वज्र वाहन की तरफ बढ़ा उसे पुलिस की वैन में बैठाने के बाद पुलिस साबरमती जेल से निकल गई। अतीक अहमद पर करीब 100 से ज्यादा केस हैं। दिलचस्प बात यह भी है कि इनमें से ज्यादातर केसों में गवाह अपने बयान से मुकर गए हैं। उमेश पाल से जुड़े एक मामले में अतीक अहमद पर अदालत का फैसला आना है।

# 'हारमनी ऑफ द पाइन्स' की जल्द ही बड़े पर्दे पर होगी एंट्री




देश के मशहूर व ऑस्कर अवार्ड विजेता फिल्म निर्देशक एस.एस. राजमौली और बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्केस्ट्रा 'हारमनी ऑफ द पाइन्स' को लेकर जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाका करने जा रहे हैं। इस दिशा में निर्देशकों द्वारा स्क्रिप्ट लिखनी भी शुरू कर दी है। इस बात का खुलासा 'हारमनी ऑफ द पाइन्स' के टीम लीडर इंस्पेक्टर विजय कुमार ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मंडी जिला के सुंदरनगर में किया। जहां हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्केस्ट्रा 'हारमनी ऑफ द पाइन्स' राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पर परफॉर्मेंस देने के लिए आए हुए थे। 'दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल' बेस्ट परफॉर्मर बैंड -2023 के अवार्ड से नवाजे गए सुप्रसिद्ध हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्केस्ट्रा 'हारमनी ऑफ द पाइन्स' की शानदार प्रस्तुतियों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। गौरतलब है कि हिमाचल पुलिस बैंड की टीम ने मुंबई में एक शो के फाइनल तक का सफर तय किया। पुलिस बैंड विजेता नहीं बन पाया, लेकिन शो के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रहा।

वर्ष 1996 में हिमाचल में पुलिस के जवानों की ड्यूटी के तनाव को कम करने के मकसद से इस बैंड को बनाया गया। शुरुआत में टीम में सिर्फ छह सदस्य थे। अब यह संख्या 14 हो गई है। 'हारमनी ऑफ द पाइन्स' के लीडर विजय कुमार ने कहा कि देश सहित उनका ग्रुप अब विदेश में भी अपनी परफॉर्मेंस दिखाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये 'दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म पुरस्कार' में परफॉर्मेंस देना एक गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा कि इसको लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू और प्रदेश डीजीपी संजय कुंडू ने हिमाचल पर आधारित गाने को लिखने और परफॉर्मेंस देने के लिए कहा गया। इंस्पेक्टर विजय कुमार ने कहा कि इस पर हिमाचल पर गाना लिखकर और परफॉर्मेंस देकर अवार्ड भी हासिल किया।

# रामचरण और कियारा आडवाणी की जोड़ी गेम चेंजर में आयेगी नजर



दक्षिण भारतीय अभिनेता रामचरण और अभिनत्री कियारा आडवाणी की जोड़ी फिल्म गेम चेंजर में नजर आयेगी। रामचरण -कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म का टाइटल टेंटेटिवली आरसी 15 रखा गया था, लेकिन अब इसका नाम रिवील कर दिया गया है। रामचरण ने अपने जन्मदिन पर अपनी अपकमिंग फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है।



इस फिल्म का टाइटल 'गेम चेंजर' रखा गया है। राम चरण ने टाइटल रिवील वीडियो भी अपने ऑफिशियल ट्विटर पर शेयर किया ।राम चरण की गेम चेंजर का निर्देशन शंकर ने किया है।

# वीर हनुमान में काम करेंगे खेसारी लाल यादव



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म वीर हनुमान में काम करते नजर आयेंगे।

वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार, खेसारी लाल यादव और निर्देशक पराग पाटिल की जोड़ी फिर से साथ काम करने जा रही है ।वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार ने खेसारी लाल यादव को लेकर अपनी नई भोजपुरी फ़ल्मि वीर हनुमान को घोषणा की है, जिसका निर्देशन पराग पाटिल करने जा रहे हैं, वही फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी की है। वर्ल्डवाइड चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत वीर हनुमान की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। फिल्म की घोषणा करते हुए निर्माता रत्नाकर कुमार ने एक पोस्टर सांझा किया है। जिसमें वीर हनुमान का आधा भाग नजर आ रहा है। वही पूरा पोस्टर सिंदूर रंग के साथ बनाया गया है। रत्नाकर कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा है कि अनाउंसिंग फिल्म वीर हनुमान विथ खेसारी लाल यादव.शूटिंग स्टार्टिंग सून.डरेक्टेड बाय पराग पाटिल, प्रोड्यूस बाय रत्नाकर कुमार, रिटेन बाय अरविंद तिवारी। निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि हमने खेसारी लाल यादव के साथ अपने ड्रीम प्रोजेक्ट वीर हनुमान की घोषणा की है। जिसकी तैयारी हम पिछले बहुत समय से कर रहे हैं। फिल्म वीर हनुमान में आपको खेसारी लाल यादव का एक अलग अवतार देखने को मिलने वाला है ।जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।


# ऋतिक रौशन ने मां पिकी रौशन के साथ किया वर्कआउट

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन ने अपनी मां पिंकी रौशन के साथ वर्कआउट किया है ।ऋतिक एक्टिंग के अलावा अपनी फिटनेस का ध्यान रखते हैं। ऋतिक की मां पिंकी रोशन भी फिटनेस फ्रीक हैं। पिंकी रौशन ने सोशल मीडिया पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने बेटे ऋतिक के साथ एक्सरसाइज करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में दोनों वर्कआउट के साथ मस्ती करते हुए भी नजर आए। पिंकी रौशन ने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मां और बेटा. हम हर समय मिलते हैं, लंच, डिनर, फिल्में, छुट्टियां, एक दूसरे के साथ अपने विचार शेयर करते हुए। लेकिन सबसे खास समय वह होता है जब हम एक साथ जिम में समय बिताते हैं ।



# नुसरत भरुचा और सोहा अली खान स्टारर 'छोरी 2' की शूटिंग पूरी

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा और सोहा अली खान स्टारर 'छोरी 2' की शूटिंग पूरी हो गयी है ।सोहा अली खान ने इंस्टाग्राम पर नुसरत के साथ एक मजेदार वीडियो साझा किया और इसे कैप्शन दिया, ₹2 छोरियां छोरी 2 की रैपिंग से बहुत खुश हैं। विशाल फुरिया निर्देशित 'छोरी' को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। अब छोरी का सीक्वल छोरी 2 आ रहा है। नुसरत भरूचा ने बताया, छोरी हम सभी के लिए एक जुनूनी परियोजना है और मैं विशाल और टीम के साथ जुड़ने का इंतजार नहीं कर सकता क्योंकि हम कहानी को छोरी 2 के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com